हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, गुरुवार 2 अप्रैल 2026

11 मंडी में हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट की तैनाती हो


12 हनुमान जयंती : अनाज मंडी से निकली शोभायात्रा



# गैस एजेंसी का सर्वर डाउन, नहीं मिले सिलेंडर

■ बेरी गेट पर इंडेन गैस एजेंसी पर घंटों ठप रहा काम, लोग हुए परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्थानीय बेरी गेट स्थित इंडेन गैस एजेंसी पर बुधवार को सर्वर डाउन होने के कारण घरेलू गैस उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ा। अलसुबह से ही बड़ी संख्या में उपभोक्ता एजेंसी के बाहर पहुंच गए और अपनी बारी का इंतजार करते हुए कतारों में खड़े रहे। कई लोग समय से पहले ही गैस बुकिंग और पर्ची कटवाने की उम्मीद लेकर पहुंचे थे, लेकिन तकनीकी समस्या के चलते उनका इंतजार बेकार साबित हुआ। कार्यालय खुलने के बाद एजेंसी कर्मचारियों ने जैसे ही कंप्यूटर खोलकर स्लिप काटने का कार्य शुरू किया, इसके थोड़ी देर बाद ही पोर्टल में एरर आने लगा। लगातार प्रयासों के बावजूद सर्वर सुचारू नहीं हो सका, जिससे काम पूरी तरह बाधित रहा। उपभोक्ता दिनभर एजेंसी परिसर में पोर्टल ठीक होने का इंतजार करते रहे, लेकिन देर शाम तक स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। इस दौरान बुजुर्गों, महिलाओं और कामकाजी लोगों को अधिक परेशानी झेलनी पड़ी। उपभोक्ता महाबीर, राज सिंह, नरेंद्र आदि ने बताया कि वे अपने जरूरी काम छोड़कर यहां आए थे, लेकिन पूरा दिन बर्बाद होने के बावजूद गैस नहीं मिल सकी। कर्मचारियों ने उपभोक्ताओं को समझाते हुए बताया कि समस्या तकनीकी है और उनके नियंत्रण से बाहर है। ऐसे में एजेंसी कर्मचारियों द्वारा उपभोक्ताओं को वीरवार को फिर से आने की सलाह दी गई।

वहीं, एजेंसी संचालक रमेश वाल्मीकि ने बताया कि तकनीकी कारणों के चलते पोर्टल बंद हो गया था। यह समस्या प्रदेश भर में रही। सुबह के समय कुछ स्लिप काटी गईं, जिन्हें सिलेंडर मुहैया करवाया गया।


झज्जर। गैस एजेंसी पर पोर्टल सुचारू होने का इंतजार करते हुए उपभोक्ता।

## परनाला में फंदे पर लटका मिला युवक

**बहादुरगढ़।** गांव परनाला में एक युवक का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू करा दी है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान करीब 19 वर्षीय शिवम के रूप में हुई है। शिवम मूलतः उत्तर प्रदेश से था और यहां परनाला में अपने बड़े भाई के साथ रहता था। फैक्ट्री में काम करता था। मंगलवार रात को उसका शव फंदे पर लटकता हुआ नजर आया। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

## बरहाना में दिनदहाड़े मकान से नकदी और आभूषण चोरी

■ मकान का ताला बंद करके बरसीम लाने गया था मालिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव बरहाना में दिनदहाड़े चोरों द्वारा घर में घुसकर नकदी व आभूषण चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित विजेंद्र ने बताया कि वह 30 मार्च की सुबह करीब साढ़े दस बजे मकान का ताला बंद करके खेतों से बरसीम लाने के लिए गया था। जब करीब एक घंटे बाद वह वापिस घर लौटा तो मकान का मेन दरवाजा खुला था। जब वह अंदर पहुंचा तो कमरे में सामान भी इधर-उधर बिखरा हुआ था।

जब उसने सामान का जायजा लिया तो घर की अलमारी में रखी करीब 25 हजार रुपये की नकदी व कुछ सोने व चांदी के आभूषण चोरी हो चुके थे। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर नियमानुसार आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।









# अप्रैल में महंगाई के साथ झुलसेगा आम आदमी का बजट

- टोल टैक्स में बढ़ोतरी के साथ कलेक्टर रेट में भी हुआ इजाफा
- स्कूल फीस, किताबें, बैग व अन्य सामान पर बरस रही महंगाई की आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

अप्रैल का महीना आम आदमी के लिए बेहद महंगा साबित होने जा रहा है। इस माह की शुरुआत में टोल टैक्स की बढ़ोतरी और कलेक्टर रेट में इजाफे से उनकी जेब कटनी तय है। वहीं दूसरी ओर इस महीने उनकी कमाई बच्चों की स्कूल फीस, कापी-किताबों आदि पर खर्च हो रही है। महंगाई के इस दौर में किताब-कापी व स्कूल ड्रेस खरीदने में परिजन परेशान हैं। स्कूली बैग, स्टेशनरी व अन्य सामान पर तो महंगाई की आग बरस रही है।

जी हां, सरकार ने टोल टैक्स में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। केएमपी एक्सप्रेस-वे पर अब 1.84 रुपये प्रति किलोमीटर की बजाय 1.89 रुपये के हिसाब से टोल वसूली होगी। एनुअल फास्टैग पास भी 75 रुपये महंगा हो गया है। इसके अलावा राजस्व विभाग ने कलेक्टर रेट 25 से 75 प्रतिशत तक बढ़ा दिए हैं। इसका असर भी सीधे आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है।



बहादुरगढ़। रोहद टोल प्लाजा से गुजरती एक कार। फोटो: हरिभूमि

### जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी

महंगाई अपने शिखर पर है और स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना अभिभावकों के लिए बेहद महंगा साबित हो रहा है। शिक्षण सामग्री के रेट आसमान छू रहे हैं। नए शैक्षिक सत्र के मद्देनजर स्कूली सामान की कीमत में इजाफा हो गया है। इसका बोझ अभिभावकों की जेब पर ही पड़ेगा। अच्छे स्कूल में बच्चों के दाखिले के लिए मोटी फीस देनी पड़ रही है। पंचायत समिति सदस्य रिंकी विजय दलाल ने इस संबंध में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत सौंपी है।

## खबर संक्षेप

### बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

बहादुरगढ़। निजामपुर रोड पर बुधवार दोपहर दो बाइकों की टक्कर हो गई। हादसे में दोनों को काफी चोट आई। इन्हें नागरिक अस्पताल में लाया गया। घायलों की पहचान अंकित व आसिफ के रूप में हुई है। अंकित को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। हादसा किन परिस्थितियों में हुआ, यह अभी स्पष्ट नहीं है। दोपहर तक शिकायत भी नहीं दी जा सकी थी।

### लोगों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

बहादुरगढ़। यातायात पुलिस की ओर से बुधवार को अग्रसेन धर्मशाला के पास जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सतीश कुमार व उनकी टीम ने आमजन को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताते हुए इससे दूर रहने और स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। साथ ही सड़क सुरक्षा को लेकर हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग, ट्रैफिक नियमों का पालन करने और नशे में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया।

### चिराग स्कीम में आय सीमा दोबारा 1.80 लाख तय की


बहादुरगढ़। मुख्यमंत्री हरियाणा समान शिक्षा राहत, सहायता एवं अनुदान (चिराग स्कीम) के तहत दाखिले की प्रक्रिया में मौलिक शिक्षा निदेशालय ने बदलाव किया है। इसकी पात्रता के लिए वार्षिक आय 8 लाख रुपये करने के प्रावधान को वापिस ले लिया गया है। अब एक लाख 80 हजार रुपये तक की आय वाले अभिभावकों के बच्चों को ही इस स्कीम के तहत निजी मान्यता प्राप्त विद्यालयों में दाखिले के लिए पात्र माना जाएगा। परिवार पहचान पत्र की वार्षिक सत्यापित आय ही मान्य होगी। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी राजबाला मलिक ने बताया कि जिले के 59 मान्यता प्राप्त स्कूलों ने चिराग योजना के तहत छठी कक्षा से 12वीं तक अपनी सहमति प्रदान की है। जिले में कुल 1489 सीटों पर शिक्षा विभाग के नियमों के तहत दाखिले किए जाएंगे।

## गंगा इंस्टीट्यूट के टेक्नो कल्चरल फेस्ट में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

# कोड वॉर में अभिषेक दुबे प्रथम, स्लगोन राइटिंग में कीर्तिमाला ने मारी बाजी

मैनेजमेंट क्विज में बीबीए विभाग के चौथे सेमेस्टर से अभिषेक, ऋतिक और आदित्य कुमार ने प्रथम, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से तनिश, राजन और देवपाल ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

गंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट कबलाना में टेक्नो-कल्चरल एनुअल फेस्ट अचीवर्स 2026 कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न रचनात्मक एवं तकनीकी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को टेक्नो-कल्चरल में रोडीज, आइसक्रीम स्ट्रिप ट्रस मेकिंग, सर्किट मेकर, कोड वॉर इन सी लैंग्वेज, ग्रुप डिस्कशन, मैनेजमेंट क्विज, स्लगोन राइटिंग व पोस्टर मेकिंग जैसी प्रतियोगिताएं कराई गईं। सेंट्रल कॉर्डिनेटर डॉ. विवेक खोखर ने बताया कि प्रतियोगिता परिणामों में कोड वॉर इन सी लैंग्वेज में बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट से छठे सेमेस्टर के अभिषेक दुबे ने प्रथम, चौथे सेमेस्टर के सौरव कुमार ने द्वितिय और शुभम सैनी ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। मैनेजमेंट क्विज में बीबीए विभाग के चौथे सेमेस्टर से अभिषेक, ऋतिक और आदित्य कुमार ने प्रथम, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से तनिश, राजन और देवपाल ने द्वितिय स्थान प्राप्त किया। स्लगोन प्रतियोगिता में बीटेक इलेक्ट्रॉनिक्स कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग से कीर्तिमाला कुमारी ने प्रथम, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग से विधि देवी ने द्वितिय और बीबीए विभाग से नीतू कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। रोडीज इवेंट में ग्राउंड जीरो टीम ने प्रथम, वारियर्स टीम ने द्वितिय और रूरल किंग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# बच्चों को डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के लिए देंगे विशेष मार्गदर्शन : डॉ. महिपाल

संस्कारम पब्लिक स्कूल में हवन के साथ किया नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर


झज्जर। शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालते हुए चेयरमैन डॉक्टर महिपाल।

संस्कारम पब्लिक स्कूल में बुधवार को नए शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कारम् समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य व सुख-समृद्धि की कामना की।

पंडितों के मंत्रोच्चारण और शंखनाद के बीच शुरू हुआ यह सत्र न केवल शैक्षणिक सफलता, बल्कि संस्कारों और आधुनिक कौशल के संगम का प्रतीक बना। चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने कहा कि संस्कारम का आधार ही संस्कार और सक्षम शिक्षा का संगम है। उनका प्रयास विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता को निखारने के साथ-साथ उनके भीतर छिपी अद्वितीय प्रतिभा और ऊंचे व्यक्तित्व को आकार देना है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अब अपनी शिक्षा प्रणाली में रोबोटिक्स को मुख्य धारा से जोड़ने जा रहा है, ताकि विद्यार्थी भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास के लिए एनसीसी, एनएसएस और स्काउट्स एंड गाइड्स की गतिविधियों को और अधिक प्रभावी बनाने का संकल्प विद्यालय प्रबंधन द्वारा लिया गया।

सत्र के पहले ही दिन विद्यार्थियों के करियर को नई दिशा देने के लिए स्पेशल कोचिंग बैच की घोषणा की गई। इस दौरान डॉक्टर और इंजीनियर बनने के सपनों को साकार करने के लिए विशेष मार्गदर्शन और संसाधनों की उपलब्धता पर बल दिया गया।


बहादुरगढ़। नई सड़क का उद्घाटन करते विधायक राजेश जून। फोटो: हरिभूमि

### नयागांव-इस्सरहेड़ी सड़क का किया उद्घाटन

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा नया गांव से इस्सरहेड़ी तक 88 लाख से बनाई गई नई सड़क (विशेष मरम्मत) का रिबन काटकर उद्घाटन किया। जून ने बताया कि 2 अप्रैल को सिद्धीपुर लोवा कलां गांव में मान परिवार द्वारा आयोजित देशव्यापी भंडारे को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का निर्माण प्राथमिकता के आधार पर कराया गया है, ताकि देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो। विधायक राजेश जून के अनुसार बाईपास से सिद्धीपुर लोवा गांव तक आने वाली करीब 600 मीटर लंबी जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण को भी सरकार से मंजूरी मिल चुकी है। इस सड़क को जल्द ही 12 इंच मोटी और 24 फुट चौड़ी आरसीसी सड़क के रूप में बनाया जाएगा। इस अवसर पर लोवा-सतरह के प्रधान अशोक मान, युवराज छिल्लर, पप्पू दलाल व सरपंच प्रतिनिधि सोनू आदि मौजूद रहे।


बहादुरगढ़। खिचड़ी कार्यक्रम में भाग लेते विधायक राजेश जून व अन्य। फोटो: हरिभूमि

### खिचड़ी कार्यक्रम में उमड़े ग्रामीण

बहादुरगढ़। गांव सिद्धीपुर लोवा कलां में वीरवार 2 अप्रैल को आयोजित होने वाले देशव्यापी भंडारे से पहले बुधवार को पारंपरिक खिचड़ी कार्यक्रम हुआ। विधायक राजेश जून ने भी इसमें पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और मान परिवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 64वें देशव्यापी भंडारे के आयोजन के लिए बधाई दी। विधायक राजेश जून ने कहा कि मान परिवार 64 सालों से समाज सेवा और धार्मिक परंपराओं को आगे बढ़ा रहा है। अपनी स्वर्गीय मां वेदवती और स्व. पिता चौधरी श्रीचंद मान की इस परंपरा को लोवा सतरह के प्रधान अशोक मान, दलबीर मान और सिकंदर मान निरंतर निभा रहे हैं। ऐसे आयोजन समाज में भाईचारा और धार्मिक आस्था को मजबूत करते हैं। अशोक मान ने बताया कि इस देशव्यापी भंडारे में शुद्ध देशी घी से प्रसाद तैयार किया जाता है। जिसमें हजारों लोग पहुंचते हैं। इस अवसर पर विभिन्न गांवों की सरदारी मौजूद रही।

# दमकल कर्मियों ने बैठक कर हड़ताल पर मंथन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए दमकल कर्मियों को सम्मान व मुआवजा देने सहित अन्य मांगों पर उचित कार्रवाई न होने से कर्मचारियों में रोष है। इसी के चलते हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने 8 व 9 अप्रैल को दो दिवसीय राज्यव्यापी हड़ताल का ऐलान किया है।

बुधवार को बहादुरगढ़ के एमआईई दमकल केंद्र पर हुई बैठक में कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लेने का संकल्प लिया। यूनियन नेता राजेंद्र और गुलशन के अनुसार, जान गंवाने वाले कर्मियों को शहीद का दर्जा, परिजनों को 1-1 करोड़ रुपये की सहायता और परिवार के एक सदस्य को स्थायी नौकरी देने सहित अन्य मांगों पर सरकार गंभीर नहीं है।


बहादुरगढ़। बैठक के बाद हड़ताल की जानकारी देते कर्मचारी। फोटो: हरिभूमि

### उल्टी झाड़ू प्रदर्शन करने की घोषणा

फायर महानिदेशक स्तर पर वार्ता की तिथियां टलने से कर्मचारियों में नाराजगी और बढ़ी है। वहीं, नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य संगठनकर्ता राजपाल ने भी समर्थन देते हुए कहा कि हड़ताल के दौरान प्रदेशभर में सफाई कर्मचारियों द्वारा उल्टी झाड़ू प्रदर्शन करने की घोषणा की है। कर्मचारियों ने साफ किया कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। दो दिन हड़ताल होगी और जरूरत पड़ने पर इसे अनिश्चितकालीन में बदला जाएगा।


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते स्कूल स्टॉफ व ग्रामीण। फोटो: हरिभूमि

### निलौठी स्कूल में मनाया प्रवेश उत्सव

बहादुरगढ़। गांव निलौठी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य विजय खत्री के नेतृत्व में प्रवेश उत्सव एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का सफल आयोजन किया गया। इस दौरान नए विद्यार्थियों का स्वागत उत्साहपूर्वक किया गया। अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, योजनाओं और अनुशासन व्यवस्था की जानकारी दी गई। प्राचार्य विजय खत्री ने अभिभावकों से संवाद करते हुए बच्चों की नियमित उपस्थिति, पढ़ाई में रुचि और नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान देने का आग्रह किया।

## वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता शुरू

# खेल हमें शारीरिक रूप से सुदृढ़ व मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं : डॉ. शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में दो दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का बुधवार को शुभारम्भ हुआ। प्रिंसिपल डॉ. राजवंती शर्मा ने ध्वज फहराई व मशाल प्रज्वलित की। जाह्नवी व सारथी ने मशाल लेकर दौड़ लगाई। मुख्य अतिथि के रूप में बहादुरगढ़ शिक्षा सभा के प्रधान श्रीनिवास गुप्ता ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने मार्च-पास्ट की सलामी लेते हुए खेलकूद प्रतियोगिता को आरंभ करने की अनुमति दी। इसके बाद खिलाड़ियों ने खेल भावना और निष्पक्षता की शपथ ली। डॉ. राजवंती शर्मा ने कहा कि खेल हमें शारीरिक रूप से सुदृढ़ और मानसिक रूप से सशक्त बनाते हैं। खेलकूद प्रतियोगिताओं से अनुशासन एवं प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। उन्होंने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। बुधवार को 100 मीटर दौड़, 200 मीटर रेस, बाधा दौड़, क्राउलिंग रेस, भाला फेंक, गोला फेंक, चक्का फेंक, लंबी कूद जैसी स्पर्धाएं हुईं। कार्यक्रम प्रभारी डॉ. शालू शर्मा व खेलकूद प्रभारी प्रीति राठी की आयोजन में विशेष भूमिका रही। मंच संचालन डॉ. भारती मिश्रा व डॉ. दीपिका ने प्रभावशाली ढंग से किया। डॉ. नेहा नैन, काजल, शीतल, रेशु, रॉकी आदि ने निष्पक्ष निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।


बहादुरगढ़। बुधवार को लंबी कूद लगाती वैश्य कॉलेज की छात्रा। फोटो: हरिभूमि

## खबर संक्षेप


बहादुरगढ़। पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करतीं स्वयंसेविकाएं।

### पशु-पक्षियों के लिए की पानी-अनाज की व्यवस्था

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में अप्रैल कूल डे पर प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा के दिशा-निर्देशन में पशु-पक्षियों के लिए पानी एवं अनाज की व्यवस्था की गई। कॉलेज परिसर में स्वयंसेविकाओं द्वारा जल पात्र रखे गए तथा नियमित रूप से उनमें पानी और दाना भरने की जिम्मेदारी ली गई। स्वयंसेविकाओं ने सभी को पशु-पक्षियों की देखभाल करने और उनके लिए पानी एवं भोजन की व्यवस्था करने के लिए प्रेरित किया।


बहादुरगढ़। टॉपर छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### जसौरखेड़ी में टॉपरों को किया सम्मानित

बहादुरगढ़। जसौरखेड़ी के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा घोषित किया गया। प्राचार्य कर्मबीर सिंह की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में नवीन मेमोरियल चैरेटिबल ट्रस्ट तथा जनता-जनार्दन लाइब्रेरी की तरफ से टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। ट्रस्ट प्रमुख धनराज तहलान, भूतपूर्व जिला वन अधिकारी सतवीर सिंह, हंसराज तहलान, सत्यवान मलिक व ओमप्रकाश तहलान आदि ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया।


बहादुरगढ़। वर्कशॉप में योग पिरामिड बनाते बच्चे। फोटो: हरिभूमि

### वर्कशॉप में बच्चों को योग व डांस सिखाया

बहादुरगढ़। सेक्टर-6 में स्थित तपस्या सिद्धि स्कूल ऑफ भरतनाट्यम द्वारा हॉलिडे वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को टीवी और मोबाइल से दूर रखकर नया और रचनात्मक सिखाया गया। हॉलिडे वर्कशॉप में रूबी नरवाल, प्रीति राठौड़ तथा दीपाली मलिक के मार्गदर्शन में 16 बच्चों को योग, स्टंट्स, डांस ड्रामा, बॉलीवुड डांस, क्राफ्ट तथा शास्त्रीय भरतनाट्यम की विभिन्न गतिविधियां करवाई गईं। माहिरा, काश्वी, ऋषिका, पाखी, हर्ष, पारिधि, समिक्ष, मान्या, गर्व, रेवंशी, मानवि, रिधर्व, आन्या, गीतिका आदि ने उत्साह से भाग लिया।


बहादुरगढ़। हवन में आहुति डालते मुख्य अतिथि, स्कूल संचालक व शिक्षक।

### हवन के साथ नए सत्र की शुरुआत

बहादुरगढ़। गांव लडरावण में स्थित श्रीस्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत हवन के साथ की गई। मंत्रोच्चारण कर सुख, समृद्धि व बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। हवन में मुख्य अतिथि पूर्व जेल अधीक्षक जयकिशन छिल्लर और उनकी धर्मपत्नी सत्यवती रहीं। स्कूल संचालक अभिषेक छिल्लर, प्रिंसिपल, अध्यापक और विद्यार्थी भी इसमें शामिल हुए। अभिषेक छिल्लर ने अध्यापकों व विद्यार्थियों के नए स्तर की शुरुआत की बधाई दी और प्रसाद वितरण किया। उन्होंने शिक्षा व संस्कार के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ जल संरक्षण, पर्यावरण, स्वास्थ्य, सुरक्षा के बारे में भी बच्चों को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि ग्रीष्म ऋतु में हम सबको पशु और पक्षियों का ध्यान रखते हुए उनके खाने-पीने की व्यवस्था का ध्यान रखना चाहिए।


झज्जर। शिविर में स्वास्थ्य जांच कराते हुए ग्रामीण।

### शिविर में जांचा ग्रामीणों का स्वास्थ्य

झज्जर। वर्ल्ड मेडिकल कॉलेज रिसर्च एंड हॉस्पिटल गिरावड़ द्वारा बुधवार को क्षेत्र के गांव भदानी में एक स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अस्पताल के मेडिसिन विभाग, सर्जरी, नेत्र रोग, ईएनटी, हड्डी रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के चिकित्सकों द्वारा सेवाएं दी गई। शिविर में पहुंचे लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराते हुए सुविधा का लाभ उठाया। चिकित्सकों द्वारा जरुरतमंद लोगों में जहां निःशुल्क दवाओं का वितरण किया वहीं उन्हें स्वास्थ्य की देखभाल संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया। कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर चरण सिंह ने बताया कि संस्थान के संस्थापक डॉक्टर नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में आयोजित इस शिविर के दौरान लोगों को स्वास्थ्य की उचित देखभाल के संबंध में भी जानकारी दी गई।


झज्जर। एडीसी जगनिवास व शिक्षकों के साथ उपस्थित होनहार विद्यार्थी।

### जहाजगढ़ में होनहार विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

झज्जर। जिले में सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ाने के लिए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश उत्सव बुधवार से शुरू हो गया है। इसी अभियान के अंतर्गत एडीसी जगनिवास राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जहाजगढ़ के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पहुंचे। स्कूल प्राचार्या डॉक्टर लाली कुमारी, इनफॉर्मेशन ऑफिसर रविंद्र कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि उदय व एसएमसी सदस्यों ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। एडीसी जगनिवास ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय सरकारी स्कूलों में सब सुविधाएं उपलब्ध हैं। परीक्षाओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल करने वाले होनहार विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया।

### आयुक्त व सचिव ने किया अनाज मंडी का दौरा, आढ़तियों व किसानों की सुनीं समस्याएं

# किसानों के लिए हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट कर्मचारियों की तैनाती की जाए : शेखर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार दोपहर बाद अभिलेखागार, महिला एवं बाल विकास विभाग हरियाणा के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने स्थानीय अनाज मंडी का निरीक्षण किया। उन्होंने विभिन्न खरीद एजेंसियों से रबी फसलों की खरीद, लिफ्टिंग और किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। किसानों के लिए हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट कर्मचारियों की तैनाती हो। खरीद एजेंसियों ने फसल खरीद, लिफ्टिंग, किसानों को अनाज मंडियों में मूलभूत सुविधाएं और किसानों को भुगतान आदि विषयों पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड व खरीद एजेंसियों के अधिकारियों से किसानों के लिए सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



झज्जर। निरीक्षण के दौरान आढ़तियों व किसानों से बातचीत करते हुए आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने अनाज मंडी में आढ़तियों व किसानों से बातचीत की और समस्याएं सुनीं। उन्होंने मार्केटिंग बोर्ड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडियों में पेयजल, लाइट, साफ-सफाई, सुविधा केंद्र जैसी सुविधाएं पूरी तरह दुरुस्त रखी जाएं। उन्होंने अधिकारियों को सीसीटीवी की रेगुलर मॉनिटरिंग तथा मोबाइल एप को अपडेट रखने के निर्देश भी दिए। साथ ही, किसानों को जानकारी देने के लिए हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट कर्मचारियों को ड्यूटी पर तैनात करने के निर्देश दिए ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो और उनकी समस्याओं का समाधान हेल्प डेस्क पर ही हो जाए।



बहादुरगढ़। अनाज मंडी में फसल खरीद प्रक्रिया का जायजा लेते विधायक राजेश जून। फोटो : हरिभूमि

### विधायक ने लिया फसल खरीद का जायजा

बहादुरगढ़। विधायक राजेश जून ने बुधवार को अधिकारियों के साथ शहर की अनाज मंडी का दौरा कर फसल की सरकारी खरीद व्यवस्था का निरीक्षण किया। जून ने किसानों की समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देश अनुसार किसानों की फसल का एक-एक दाना सरकारी खरीद के अंतर्गत लिया जाएगा और किसी भी किसान को परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

## सरसों की खरीद जारी, बारिश से थमी गेहूं की आवक

- गेहूं में नमी ज्याद होने के कारण किसान धूप निकलने का कर रहे इंतजार

बहादुरगढ़। शहर की अनाज मंडी में सरसों की खरीद लगातार जारी है, जबकि गेहूं की सरकारी खरीद पहले दिन शुरू ही नहीं हो सकी। बहादुरगढ़ और बादली क्षेत्र से कोई भी किसान गेहूं लेकर मंडी नहीं पहुंचा। दरअसल, 31 मार्च को हुई बारिश के कारण खेतों में खड़ी गेहूं की फसल में नमी आ गई है। जब तक फसल पूरी तरह सूखेगी नहीं, उसकी कटाई संभव नहीं है। किसान अब तेज धूप निकलने का इंतजार कर रहे हैं ताकि कटाई शुरू की जा सके। अनुमान है कि अगले एक सप्ताह में गेहूं की आवक मंडियों में शुरू हो जाएगी। मंडी में फिलहाल सरसों की खरीद प्राइवेट आढ़तियों द्वारा की जा रही है। सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 6200 रुपये प्रति क्विंटल है, जबकि आढ़ती 6300 से 6500 रुपये तक भाव दे रहे हैं। इसके साथ ही किसानों को भुगतान नकद मिलने से भी वे संतुष्ट नजर आ रहे हैं। बहादुरगढ़ और बादली क्षेत्र में करीब 28,500 हेक्टेयर में गेहूं की फसल खड़ी है, जबकि सरसों का रकबा लगभग 3,500 हेक्टेयर है। मार्केट कमेटी ने गेहूं खरीद के लिए सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली हैं। कमेटी की सचिव अंजू दलाल के अनुसार, जैसे ही किसान मंडी में फसल लेकर आएंगे, उनकी पूरी उपज खरीदी जाएगी।



झज्जर। व्याख्यान कार्यक्रम में उपस्थित वक्ता एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## जीवाश्म ईंधन की प्रासंगिकता पर डाला प्रकाश

- विद्यार्थियों को अपने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व संसाधन संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में भूगोल विभाग द्वारा जीवाश्म मूर्ख दिवस के उपलक्ष्य में एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम संयोजिका डॉक्टर अन्नू ने बताया कि व्याख्यान की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या डॉक्टर सुमन भट्टी ने की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में भूगोल के सहायक प्रोफेसर नवीन कुमार पूनिया उपस्थित रहे। उन्होंने इस दिवस को मनाने के इतिहास से लेकर वर्तमान समय में जीवाश्म ईंधन की प्रासंगिकता के बारे अपने विचार व्यक्त किए। प्राचार्या डॉक्टर सुमन भट्टी ने सतत पोषणीय विकास की अवधारणा को केंद्र में रखते हुए अनवीकरणीय संसाधनों के ध्यानपूर्वक इस्तेमाल बारे चर्चा की। डॉक्टर अन्नू ने विश्व की बढ़ती हुई आबादी व अनवीकरणीय संसाधनों के असमान वितरण व लगातार हो रहे जलवायु परिवर्तन के ऊपर चर्चा की। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने पर्यावरण के प्रति संवेदनशील व संसाधन संरक्षण के प्रति सजग रहने का आह्वान किया।

### शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारवान बनाएं शिक्षक

बेरी। स्थानीय पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में एसडीएम रेणुका नांदल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और अनुशासन का महत्व भी बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने और अपने लक्ष्य हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान छात्राओं ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



बेरी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

### शिक्षक व विद्यार्थियों ने हवन कर सर्व मंगल की कामना की



झज्जर। शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में आहुति डालते हुए एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया। फोटो : हरिभूमि

झज्जर। एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में बुधवार को हवन के साथ नए सत्र का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने शिक्षकों व विद्यार्थियों के साथ हवन में पूर्णाहुति देकर सभी के स्वस्थ एवं मंगलमय जीवन की कामना की। पंडित जयदेव वशिष्ठ द्वारा हवन संपन्न कराया गया। डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि हम प्रत्येक कार्य का शुभारंभ ईश्वर की स्तुति और आशीर्वाद से ही करते हैं। इस प्रकार के आयोजन हमें भारतीय संस्कृति, संस्कारों और अनुशासन से जोड़ते हैं। वैदिक मंत्रो के साथ नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत सकारात्मकता, एकाग्रता और विद्या के प्रति समर्पण की भावना पैदा करती है। इससे आत्मिक शांति के साथ-साथ ज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरणा मिलती है।

### बारिश व ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे की मांग

बहादुरगढ़। हाल ही में हुई बरसात, ओलावृष्टि और तेज हवाओं से कई क्षेत्रों के किसान प्रभावित हुए हैं। उनकी खड़ी फसल खराब हो गई है। ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग उठाई है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल और सचिव जयकरण मांडोठी ने कहा कि गेहूं की फसलें पूरी तरह खेतों में गिर चुकी हैं और बालियां झड़ने से उत्पादन पर गंभीर असर पड़ा है। वहीं, सरसों की खड़ी, कटी और मंडियों में लाई गई फसलें भी खराब हो गई हैं। ओलावृष्टि के कारण सरसों की फलियां फट गईं और दाना झड़ गया, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है। संगठन ने सरकार से तुरंत विशेष गिरदावरी कराने और नुकसान का सही आकलन करने की मांग की है। साथ ही, किसानों को मुआवजा देने के लिए स्पष्ट दरें तय करने की अपील की है।

## एमआर स्कूल में नवसत्र के शुभारंभ पर करवाया हवन

- विद्यार्थियों व स्टाफ सदस्यों ने साथ मिलकर हवन कर मां सरस्वती की पूजा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर



झज्जर। हवन कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

एमआर स्कूल हसनपुर में विद्यालय की परंपरा के अनुसार नए सत्र के उपलक्ष्य में हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान, निदेशिका संगीता कोडान, प्राचार्या नेहा शर्मा व उपनिदेशक सुभाष यादव ने विद्यार्थियों व अन्य स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर हवन में आहुति डालते हुए सर्व मंगल की कामना की। संस्कृत प्राध्यापक पूनमचंद व सुभाष शास्त्री ने विधिवत मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ संपन्न करवाया। निदेशक सोमबीर कोडान ने कहा कि भारतीय संस्कृति में यज्ञ मां सरस्वती की कृपा, वातावरण शुद्धि और वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा के उद्देश्य से किया जाता है। प्राचार्या नेहा शर्मा ने विद्यार्थियों को विद्यालय के सभी क्रियाकलापों में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया।

## आयुक्त ने विकास परियोजनाओं को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बुधवार को अभिलेखागार, महिला एवं बाल विकास विभाग के आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए जिले में चल रहे विकास कार्यों, विभिन्न योजनाओं एवं परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक के दौरान उन्होंने गेहूं व सरसों खरीद व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए आयुक्त एवं सचिव शेखर विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्धारित नियमों के अनुरूप खरीद कार्य करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### 25 करोड़ रुपये की योजनाओं की समीक्षा

इसके उपरांत 25 करोड़ रुपये एवं उससे अधिक लागत वाली परियोजनाओं सहित प्रमुख विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कार्यों में तेजी लाने और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परियोजनाओं में देरी आमजन के हितों को प्रभावित करती है, इसलिए सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किए जाएं।

### जोशी प्रांतीय संगठन सचिव व जैन बने संरक्षक



मूलचंद जोशी



पवन जैन

बहादुरगढ़। भारत विकास परिषद के हरियाणा मध्य प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष मूलचंद जोशी को प्रांतीय संगठन सचिव बनाया गया है। जोशी परिषद में कई दायित्व निभा चुके हैं। इसके अलावा वे बहादुरगढ़ शिक्षा सभा में सयुक्त सचिव, राजस्थान सेवा समिति बहादुरगढ़ के अध्यक्ष और ऑल इंडिया पारीक महासभा के राष्ट्रीय संगठन सयोजक है। उद्योगपति पवन जैन को भाविप का प्रांतीय संरक्षक बनाया गया है। पवन जैन भी विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुड़े हुए हैं। वे बहादुरगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टीज के सह-सचिव हैं। वैश्य बीएड कॉलेज के उपप्रधान हैं और अग्रवाल मैत्री संघ के अध्यक्ष रह चुके हैं।

## काला दिवस मनाकर श्रम संहिताओं का विरोध किया

- केंद्र की भाजपा सरकार पर कॉरपोरेट दबाव में काम करने का आरोप लगाया

बहादुरगढ़। केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई चार नई श्रम संहिताओं के विरोध में संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन ने विरोध जताया। संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने काली पट्टी बांधकर नाराजगी जाहिर करते हुए काला दिवस मनाया। प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल और सचिव जयकरण मांडौठी ने कहा कि ये श्रम संहिताएं स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता-उत्तर काल में ट्रेड यूनियनों के लंबे संघर्षों से हासिल 44 केंद्रीय व करीब 150 राज्य कानूनों को समाप्त करने के उद्देश्य से लाई गई हैं। श्रमिकों ने वर्षों के संघर्ष के बाद यूनियन बनाने का अधिकार, सम्मानजनक वेतन, सामाजिक सुरक्षा, समान कार्य के लिए समान वेतन, बोनस, ग्रेच्युटी और पेंशन जैसे अधिकार हासिल किए थे, जिन्हें अब कमजोर किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र की भाजपा सरकार पर कॉरपोरेट दबाव में काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि आठ घंटे का कार्यदिवस, सुरक्षित रोजगार, कार्यस्थल सुरक्षा, यूनियन बनाने और हड़ताल जैसे अधिकारों को नजरअंदाज किया जा रहा है। इसके साथ ही किसान नेताओं ने ओडिशा में बहुफसली उपजाऊ भूमि को अधिग्रहण से बचाने के आंदोलन से जुड़े किसान नेता प्रकाश मलिक की गिरफ्तारी की निंदा की और उनकी तुरंत रिहाई की मांग की।

### बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 297वां सुंदरकांड पाठ व भजन संध्या का आयोजन

# भक्तजन ध्यान लगावे सभी तेरा गुण गावे...

- आज हनुमान जयंती है ऐसा लगता है सारे संसार में मस्ती है ...

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

बाबा कांशीगिरी महाराज मंदिर में 297 वां सुंदरकांड पाठ एवं भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुंदरकांड वाचक पवन कौशिक, राजेंद्र वधवा, चिमन लाल वर्मा, शिवम तनेजा, बंटी मल्होत्रा, रमेश लखेरा, केवल अरोड़ा, सुमन वधवा, सोनिया मल्होत्रा, प्रिया तनेजा,



झज्जर। बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों का आनंद लेते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

सीमा तनेजा, डिंपल वर्मा, जितेंद्र वर्मा, विशन वधवा व शीला देवी चुघ सहित श्रद्धालुओं ने संगीतमयी श्री सुंदरकांड पाठ का सामूहिक गायन किया। भक्तजन ध्यान लगावे सभी तेरा गुण गावे...

### मौके पर ये मौजूद रहे

*इस मौके पर पदम खट्टर, वेद बहल पाशु, प्रदीप काठपालिया, अनिल छाबड़ा, विकास नरुला, जय प्रकाश गुप्ता, निखिल सलूजा, सतीश चुघ, प्रदीप सहित अन्य श्रद्धालु भी उपस्थित रहे।*

वहीं, राजेंद्र वधवा ने हे दुख भजन मारुति नंदन सुन लो मेरी पुकार पवन सुत विनती बारम्बार...आज हनुमान जयंती है ऐसा लगता है सारे संसार में मस्ती है, अजर अमर हो मेरे लाला सीता कहती हैं, आज हनुमान जयंती है.. भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया।

## कानोंदा में होनहार बच्चों को किया पुरस्कृत





बहादुरगढ़। टॉपर विद्यार्थियों के साथ प्रिंसिपल व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

कानोंदा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बुधवार को प्रवेश उत्सव और मेगा पेटीएम का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 6 से 9वीं व 11वीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया।

### बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया

टॉपर विद्यार्थियों को पारितोषिक वितरित किए गए। प्राचार्या सरोज देवी ने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए जीवन में आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। उन्होंने अभिभावकों को नामांकन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान मटका दौड़ व नींबू दौड़ के साथ ही एसएमसी की बैठक ली। इसमें पूरे वर्ष का लेखा-जोखा रखा गया। मंच संचालन सुरेश वर्मा ने किया। पीजीटी प्रोमिला व टीजीटी आशा ने परीक्षा परिणाम घोषित किया। एसएमसी सदस्य जगवीर मेहरा और रीना ने भी बच्चों को पढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## खबर संक्षेप

### कैंटर से टक्कर पर कार सवार तीन दोस्त घायल

**बहादुरगढ़।** जम्मू कटरा एक्सप्रेस वे पर कैंटर और कार की टक्कर हो गई। हादसे में कार सवार तीन युवक घायल हो गए। एक की हालत गंभीर है। उसे दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिकायत के आधार पर आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांधी नगर दिल्ली के निवासी फहीमुद्दीन का कहना है कि वह अपने साथी शाकिर, साबरा, सरफराज, शादेन के साथ पंजाब के मलेरकोटला से दिल्ली जा रहा था। जब आसौदा थाना क्षेत्र में कटरा एक्सप्रेस-वे पर पहुंचे तो यहां टोल से पहले सड़क किनारे एक कैंटर खड़ा था। उसके इंडिकेटर चालू नहीं थे। एकाएक हमारी गाड़ी उससे टकरा गई। हादसे में सरफराज और शाकिर को चोट लगी। तीनों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां से सरफराज और शाहबाज को पीजीआई रेफर कर दिया। बाद में सरफराज को दिल्ली के एक अस्पताल में भर्ती करा दिया। उधर, सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि आरोपी कैंटर चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### बिजली उपभोक्ताओं की आज होगी सुनवाई

**झज्जर।** उपभोक्ताओं की बिजली एवं बिजली बिल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के निवारण के उद्देश्य से वीरवार को सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक रोहतक स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में सुनवाई की जाएगी। प्रवक्ता ने बताया कि इस दौरान चेयरमैन, चीफ इंजीनियर जोनल फोरम रोहतक स्वयं उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनेंगे तथा उनका त्वरित निवारण सुनिश्चित करेंगे। विशेष रूप से झज्जर जिले के उपभोक्ता भी अपने बिजली बिल संबंधी मामलों को बैठक में प्रस्तुत कर सकते हैं।

### सतबीर सिंह बने झज्जर एजुकेशन सो. के प्रधान

**झज्जर।** झज्जर एजुकेशन सोसायटी के पदाधिकारियों के हुए चुनाव में सतबीर सिंह को प्रधान चुना गया है। रिटर्निंग ऑफिसर राधेश्याम शर्मा ने बताया कि जोगिंदर सिंह को उपाध्यक्ष, सर्वजीत सिंह धनखड़ को सचिव, नरेश कुमार को संयुक्त सचिव तथा संजीव कुमार को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया है।

### गर्ल्स कॉलेज में दीक्षांत समारोह 18 को

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ का तृतीय दीक्षांत समारोह एवं चतुर्थ पारितोषिक वितरण समारोह 18 अप्रैल को होगा। प्रिंसिपल अलका गुलाटी के अनुसार 2024-25 में उत्तीर्ण छात्राओं को डिग्री दी जाएगी। इन छात्राओं के लिए 17 अप्रैल को दोपहर 12 बजे कॉलेज में रिहर्सल भी होगी।

**बच्चा तस्करी गिरोह का खुलासा : पंजाब से दिल्ली शिशु बेचने जा रहे गिरोह को बहादुरगढ़ पुलिस ने नाकाबंदी कर पकड़ा**

# झुग्गी से लेकर सोशल मीडिया तक फैला बच्चा तस्करों का नेटवर्क, नर्सों पर भी शक

**तीन दिन के मासूम को दिल्ली के बेऔलाद दंपति को सवा 9 लाख रुपये में बेचना था, पुलिस ने किया बरामद**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

स्थानीय पुलिस ने नवजात शिशुओं की खरीद-फरोख्त व तस्करी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह पर शिंकजा कसा है। पुलिस ने महिला सहित गिरोह के तीन आरोपी गिरफ्तार किए हैं, जबकि सरगना सहित दो आरोपी मौके से फरार हो गए। गिरफ्त में आए आरोपियों से पुलिस ने तीन दिन के नवजात शिशु को सकुशल बरामद कर अस्पताल में भर्ती कराया है। इस बच्चे को बेचने के लिए पंजाब से दिल्ली जा रहे थे। जांच में सामने आया है कि इस गिरोह का नेटवर्क झुग्गी, अस्पताल से लेकर सोशल मीडिया तक फैला हुआ है। एक आरोपी की पत्नी व एक की बेटी नर्स है, जिनके जरिये अस्पताल से नवजात की जानकारी जुटाने का शक है। इसके बाद गरीब लोगों से बच्चे खरीदते और सोशल मीडिया से बेऔलाद दंपतियों की तलाश करते। इसके बाद तीन से पांच गुना ज्यादा में बच्चे बेचते थे। बुधवार को बहादुरगढ़ के डीसीपी मयंक मिश्रा ने सिटी थाने में पत्रकार वार्ता कर पूरे मामले का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना थी कि शिशु तस्कर गिरोह पंजाब से एक बच्चा लेकर दिल्ली बेचने जा रहा है। इस पर टीम ने मंगलवार की रात को सेक्टर-9 मोड़ बाईपास के निकट नाकाबंदी की। नाकाबंदी के दौरान एक काले रंग की आई-20 गाड़ी पुलिस ने रुकवाई, जिसमें महिला सहित तीन आरोपी सवार थे। जबकि पीछे मौजूद गाड़ी से निकलकर सरगना सहित दो आरोपी भाग गए। पकड़े गए आरोपियों से तीन दिन का मासूम मेल शिशु बरामद हुआ।

प्रारंभिक तौर पर आरोपियों से पूछताछ में पांच बच्चों की तस्करी का खुलासा हुआ है। पंजाब से महाराष्ट्र सहित अन्य राज्यों में बच्चे बेचे गए हैं। यह भी सामने आया है कि बच्चों की खरीद फरोख्त में यह गिरोह इंस्टाग्राम, फेसबुक आदि सोशल मीडिया प्लेटफार्म के जरिये निसंतान दंपतियों को टारगेट करता था। जो दंपति किसी भी वजह से बच्चा रखना नहीं चाहते थे, उनसे ये संपर्क करते थे। कम पैसे देकर उनसे बच्चा खरीदते और आगे महंगे दाम में बेचते थे। फिलहाल आरोपी जिस तीन दिन के शिशु को मुक्तसर से दिल्ली ले जा रहे थे, वह फरीदकोट के किसी दंपति का बताया जा रहा है। यह बच्चा आरोपियों ने दंपति से सवा दो लाख में खरीदा और दिल्ली के किसी दंपति को सवा 9 लाख में बेचने का सौदा तय किया था। आरोपियों से दो गाड़ियां और कई मेडिकल दस्तावेज बरामद हुए हैं।

**फरार आरोपी की पत्नी तो महिला आरोपी की बेटी है नर्स**

पकड़े गए दो आरोपी सलीम अहमद व अकिल मलिक गाजियाबाद के हैं तो महिला आरोपी बेअंत कौर पंजाब के मुक्तसर की रहने वाली है। आरोपी सलीम पहले गाड़ी चलाता था, जबकि अकिन सीएससी सेंटर चलाता था। अभी तक यह मामला बच्चों की खरीद फरोख्त व तस्करी के तौर पर सामने आया है लेकिन इनके द्वारा बच्चा चोरी की वारदात करने से भी इंकार नहीं किया जा सकता, क्योंकि इनमें एक आरोपी की पत्नी तथा महिला आरोपी की बेटी नर्स हैं। बहरहाल, पुलिस को मुख्य आरोपी लाडी व उसके एक अन्य साथी की तलाश है, जो पंजाब के ही रहने वाले हैं। आरोपियों से पूछताछ व मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद मामला पूरी तरह से खुल सकेगा। मामले में बच्चा बेचने व खरीदने वालों की जानकारी जुटाकर उनसे भी पूछताछ की जाएगी। पत्रकारवार्ता में एसीपी प्रदीप खत्री, सिटी एसएचओ जमील अहमद आदि भी मौजूद रहे।



डीसीपी मयंक मिश्रा।

**हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में कलाकारों ने मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की**

# अनाज मंडी से नजफगढ़ रोड मंदिर तक धर्म ध्वजा के साथ निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार सुबह बैंडबाजों के साथ धूमधाम से बालाजी की शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान आकर्षक झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। वीरवार को बालाजी मंदिर में यज्ञ-हवन आदि का आयोजन कर पूर्णाहुति की जाएगी, जिसके लिए मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में बुधवार को श्रद्धालुओं द्वारा श्रद्धाभाव के साथ शोभायात्रा निकाली गई। अनाज मंडी के राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभायात्रा, रेलवे रोड, रोहतक रोड, मेन बाजार, झज्जर रोड, मांडोठी बाजार, पुरानी कमेटी चौक व नजफगढ़ रोड से होते हुए श्री बालाजी महाराज मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस दौरान मंडली के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर लोगों का मन मोहा। वहीं, बैंडबाजों की धुन पर चल रहे भक्ति गीतों पर लोग जमकर ठुमक रहे थे। साथ ही एक दूसरे पर गुलाल उड़ा रहे थे। अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। युवा भाजपा नेता शेखर व दिनेश कौशिक भी यात्रा में शामिल हुए।



बहादुरगढ़। ध्वजा लेकर यात्रा में कतारबद्ध चलते हनुमान भक्त।



बहादुरगढ़। शोभा यात्रा के दौरान भस्म लगाए महादेव की झांकी।

**हनुमान जन्मोत्सव पर आज लगेंगे भंडारे**



**झज्जर।** चैत्र शुक्ल पूर्णिमा के पावन अवसर पर शहर के मेन बाजार स्थित श्री प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के सेवक वरुण जिंदल ने बताया कि इस विशेष उत्सव के लिए श्री प्राचीन हनुमान मंदिर सेवा समिति ने सभी तैयारियां पूर्ण कर ली हैं। उत्सव की शुरुआत विधि-विधान से हवन के साथ होगी। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से प्रभु इच्छा तक विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसके लिए प्रसाद बनाने का कार्य प्रारंभ हो गया है। कार्यक्रम की मुख्य विशेषता सायं पांच बजे निकलने वाली बाबा की भव्य सवारी होगी। इस कड़ी में मुकुट वाले हनुमान जी शहर के विभिन्न मार्गों से परिक्रमा करते हुए भक्तों को आशीर्वाद देंगे। रात आठ बजे यात्रा के समापन के पश्चात मंदिर के बाहर विशेष आयोजन होगा, जहां मुकुट वाले हनुमान जी स्वयं केक काटेंगे। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं को मावे के केक का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर सेवा समिति ने सभी हनुमान भक्तों से आह्वान किया है कि वे इस पावन अवसर पर मंदिर पहुंचकर बाबा दक्षिण मुखी हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करें। उधर, गुरुग्राम रोड स्थित ऑफिसर्स कॉलोनी के हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ-साथ भंडारे का आयोजन किया जाएगा। मंदिर के सेवक अनिल कपूर ने बताया कि बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर सुबह सात बजे सुंदरकांड पाठ, आठ बजे हवन और 11 बजे कन्या पूजन किया जाएगा। दोपहर बाद भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

# आशा वर्कर्स की चेतावनी 6 अप्रैल को करेंगी प्रदर्शन



झज्जर। मीटिंग में आशाओं को संबोधित करते हुए जिला प्रधान किरण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आशा वर्कर यूनियन की जिला इकाई द्वारा बुधवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान किरण ने की जबकि संचालन राज्य सचिव प्रवेश मातनहेल द्वारा किया गया। बैठक के दौरान आशाओं द्वारा सरकार द्वारा लागू किए गए लेबर कोड के विरोध में काली चुन्नी व काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया गया। आशा वर्कर्स ने कहा कि यह लेबर कोड किसान, मजदूर, कर्मचारी व आम जनता के हित के लिए नहीं है। इस दौरान विभिन्न मांगों के संबंध में भी आवाज उठाई गई। जिला प्रधान किरण ने कहा कि आशा वर्कर को पक्का कर्मचारी बनाया जाए, तब तक न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये दिया जाए, सामाजिक सुरक्षा स्वास्थ्य की तमाम सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए। आशा वर्कर का वेतन भी साल में दो बार रिवाइज किया जाए, रिटायरमेंट बेनिफिट 10 लाख दिया जाए, पीएचसी व सीएचसी पर आशा वर्कर के साथ सम्मानजनक व्यवहार किया जाना चाहिए। इसके अलावा आशा वर्कर्स पर सरकार द्वारा बढ़ाए जा रहे फील्ड वर्क, ऑनलाइन काम, रिकॉर्ड मेंटेन, मानदेय में की जा रही कटौती की परिस्थितियों पर भी विशेष चर्चा की गई। मीटिंग में निर्णय लिया गया कि यदि सरकार द्वारा शीघ्र उनकी मांगे नहीं मानी गई तो वे आगामी छह अप्रैल को डीसी कार्यालय पर प्रदर्शन करते हुए लंबित मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपेंगी। इस मौके पर मूर्ति माजरा, शर्मिला, संतोष, सुशीला, ज्योति, शकुंतला सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# मैप फिलिंग प्रतियोगिता में प्रीति बनी विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में भूगोल विभाग द्वारा मैप फिलिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभाग की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में विश्व के भौगोलिक स्थानों एवं राजनीतिक सीमाओं की समझ विकसित करना रहा। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका प्रीति, ममता व कुमारी नेहा ने निभाई। प्रतियोगिता परिणामों में एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा प्रीति ने प्रथम, एमए द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि द्वितीय व बीए प्रथम वर्ष की छात्रा राधा शर्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेता छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने छात्राओं के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें इस प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में मैप फिलिंग प्रतियोगिता की प्रतिभागी छात्राएं।

# कविता बनीं नर्सिंग एसो. की उपप्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नर्सिंग एसोसिएशन की राज्य कार्यकारणी के चुनावों में स्थानीय नागरिक अस्पताल में कार्यरत नर्सिंग अधिकारी कविता गुलिया को उप प्रधान नियुक्त किया गया है। पंचकूला में आयोजित ये चुनाव पुरानी पेंशन बहाली संगठन के राज्य प्रधान विजेंद्र धारीवाल की अध्यक्षता में हुए। इलेक्शन कमेटी के अनुसार 485 वैध मतदान पाए गए। उप प्रधान पद के लिए कविता गुलिया, अरुण व नवीन के बीच हुए मुकाबले में कविता गुलिया ने जीत हासिल की। इनके अलावा अंजू चाहर को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया है। नवनियुक्त राज्य उपप्रधान कविता गुलिया ने कहा कि वे अपने इस पद की गरिमा को समझते हुए नर्सिंग संबंधी विभिन्न मुद्दों पर मजबूती से कार्य करेंगी।



झज्जर। चुनाव के दौरान सदस्यों के साथ नवनियुक्त उपप्रधान कविता गुलिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

**गैस कालाबाजारी करने वालों को दी चेतावनी**

**बहादुरगढ़।** एसडीएम अभिनव सिवाच ने बुधवार को रसोई गैस वितरण से जुड़े सभी एजेंसी संचालकों की बैठक ली। इस दौरान स्पष्ट कहा कि निर्धारित नियमों की पालना सुनिश्चित करनी होगी, अन्यथा उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। रसोई गैस की कालाबाजारी, जमाखोरी जैसी गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए एसडीएम अभिनव सिवाच के नेतृत्व में नियमित चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस वितरण व्यवस्था पर सतत निगरानी रखी जाए तथा नियमित रूप से निरीक्षण अभियान चलाए जाए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि किसी भी प्रकार की शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत प्रभाव से कार्रवाई सुनिश्चित करें और दोषियों के खिलाफ नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई करें। बैठक में एएफएसओ सपना देवी तथा नप ईओ संजय रोहिल्ला भी उपस्थित रहे।

# सैनिक स्कूल में बॉक्सर अंश मान को किया सम्मानित





बहादुरगढ़। अंश मान को सम्मानित करते प्रिंसिपल बीएल भारद्वाज।

- हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सैनिक पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के छात्र अंश मान ने हरियाणा स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। प्रधानाचार्य बीएल भारद्वाज ने अंश मान को सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही अन्य विद्यार्थियों को भी खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि अब अंश मान पटियाला में होने वाली नेशनल प्रतियोगिता में भाग लेगा।

**मेगा पीटीएम** 520 राजकीय स्कूलों में होनहारों को किया सम्मानित

# बहादुरगढ़ के रिकॉर्ड 70.12% अभिभावक आए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नए शैक्षणिक सत्र की तैयारियों के बीच शिक्षा विभाग द्वारा जिले के सभी 520 सरकारी स्कूलों में मेगा अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। मेगा पीटीएम के दौरान वार्षिक परीक्षा परिणाम अभिभावकों के साथ साझा किए गए। कार्यक्रम में प्रवेश उत्सव, खेल आधारित गतिविधियां एवं परीक्षा परिणाम उत्सव आयोजित किए गए व होनहारों को सम्मानित किया गया।

डीईओ रतींद्र सिंह, डीपीसी अनिल शर्मा, बीईओ बहादुरगढ़ शेर सिंह व जिला समन्वयक निपुण डॉक्टर सुदर्शन पुनिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल कसार, डीईईओ राजबाला मलिक, सीएमजीजीए खुशी ने माध्यमिक मिडिल एवं प्राथमिक स्कूल खेड़का गुज्जर, उप जिला शिक्षा अधिकारी रुपिंद्र नांदल ने राजकीय वरिष्ठ एवं प्राथमिक विद्यालय दुजाना, उप जिला शिक्षा अधिकारी देवेंद्र सिंह ने राजकीय उच्च विद्यालय खरमाण, बीईओ सुनीता देवी ने राजकीय वरिष्ठ एंड प्राथमिक विद्यालय डावला, बीईओ मातनहेल सुरेशपाल सुहाग ने राजकीय वरिष्ठ एवं प्राथमिक विद्यालय झांसवा, बीईओ साल्हावास जयपाल दहिया ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास, बीईओ बेरी रोहताश दहिया ने पीएमश्री कन्या वरिष्ठ एवं प्राथमिक विद्यालय बेरी का दौरा कर प्रवेश उत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने मैं भी निपुण अभियान के अंतर्गत अभिभावकों को बच्चों की पढ़ाई में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त सुपर 100, बुनियाद, ई-अधिगम तथा अन्य गतिविधियां बारें भी विस्तार से चर्चा की गई। मेगा पीटीएम के दौरान अभिभावकों की उपस्थिति भी सराहनीय रही। बहादुरगढ़ खड में 70.12, बेरी में 60.88, झज्जर में 61.57, मातनहेल में 60.62 तथा साल्हावास खंड के स्कूलों में 61.59 प्रतिशत अभिभावकों ने स्कूल पहुंच कर मेगा पीटीएम में भागीदारी दर्ज कराई।



सिकंदरपुर में विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए।



बहादुरगढ़। क्लब में रूद्र का स्वागत करते संदीप अहलावत व अन्य।

**स्टेडियम में किया बॉक्सर रूद्र का स्वागत**

**बहादुरगढ़।** अहलावत बॉक्सिंग क्लब के होनहार छात्र रूद्र ने सब जूनियर मुक्केबाजी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कोच संदीप अहलावत ने बताया कि हरियाणा स्टेट सब जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में रूद्र ने 70 किलो भारवर्ग में सोनीपत, हिसार, जींद और फरीदाबाद के खिलाड़ियों को हराकर स्वर्ण पदक जीता। क्लब में पहुंचने पर रूद्र का स्वागत किया गया। पिता मनजीत कुमार, मां शारदा वर्मा, दादा हंसराज व दादी संतोष देवी ने भी इस उपलब्धि पर खुशी जताई। बलजीत दलाल, उमेश, राहुल, मुकेश, सचिन, रोहित अहलावत, अनिल अहलावत, बिट्टू पहलवान, तेजपाल सैनी, महावीर पहलवान, बलराज दलाल, अमित दहिया, अजय व संदीप सहरावत ने रुद्र के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।